# होली के रंग में रंगे मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं से चुनावी समर में कूदने का किया आह्वान

होली

8 मुख्यमंत्री ने जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काली कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली गाई और खेली।



**चंपावत**
मुख्यमंत्री ने गुरुवार को गोरलचौड़ मैदान, चम्पावत में लोकसभा क्षेत्र अल्मोड़ा के अंतर्गत विधानसभा चम्पावत और लोहाघाट के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन, भेंटवार्ता एवं संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने न्याय के देवता श्री गोलू (गोल्जयू) महाराज के मन्दिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति और समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि हेतु प्रार्थना भी की।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने बड़ी संख्या में स्थानीय जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ काली कुमाऊं की प्रसिद्ध खड़ी होली गाई और खेली। उन्होंने सुमिरो सीता राम भया तुम हीरा जनम न पाओगे, नित जमुना के तीर कान्हा बजा गयो बसुरिया, बज रही बज रही बज रही मोहन तेरी मुरली बज रही, जैसी प्रसिद्ध खड़ी होली गायी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में लोगों को भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण करवाई।
मुख्यमंत्री धामी ने कार्यकताओं से संवाद के दौरान कहा कि सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ में जाकर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक भाजपा उम्मीदवार अजय टम्टा के पक्ष में वोट डालने की अपील करें। उन्होंने कहा हमारा वोट नए भारत के संकल्प को पूरा करेगा एवं प्रधानमंत्री जी द्वारा शुरू की गई विकास की धारा को आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।
मुख्यमंत्री ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि काली कुमाऊं की खड़ी होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। यह संस्कृति हमारे पूर्वजों से हमें मिली है। इस संस्कृति का संवर्धन, संरक्षण भी सबने मिलकर करना है। युवाओं को भी इससे जोड़ना है। उन्होंने होली में भ्रष्टाचार को खत्म करने का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा देश के अंदर तुष्टिकरण समाप्त करने, समानता लाने, विकसित भारत बनाने को प्रधानमंत्री की ओर से निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने बीते 10 सालों में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

# उत्तराखंड में मौसम ने ओढ़ी बादलों की चादर, फिजाओं में घुली ठंडक

मौसम

8 - पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं मंडरा रहे आंशिक बादल, आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बादलों की लुका-छिपी के बीच इन दिनों उत्तराखंड में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। गुरुवार को एक बार फिर मौसम ने करवट ली है और बादलों की चादर ऐसी ओढ़ी कि मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम के अचानक बदले मिजाज से समूचे राज्य में गुलाबी ठंड जैसा महसूस होने लगा है। दरअसल, इन दिनों दून में चटख धूप के कारण दिन में तपिश बढ़ गई थी।
उत्तराखंड के मौसम में लगातार बदलाव होता दिख रहा है। होली के पहले मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। ऊंचे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी, बारिश और गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं आंशिक बादल मंडराने लगे हैं।
मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दो दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। गुरुवार को दून में अधिकतम तापमान 26 तो न्यूनतम तापमान 16 सेल्सियस दर्ज किया गया।
मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिन पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की वर्षा-बर्फबारी हो सकती है। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बौछारें और निचले इलाकों में झोंकेदार हवा चलने के आसार हैं।

## सात लाख से अधिक स्मैक व शराब के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित से 07.57 ग्राम स्मैक व दूसरे से 54 पव्वे देशी शराब बरामद की है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत सात लाख से अधिक बतायी गई है।
पुलिस के मुताबिक गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजीव नगर से एक युवक को 54 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम मनोज पुत्र तिलक राम निवासी गोविंदपुरी ज्वालापुर बताया। दूसरी ओर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को मोहल्ला मेहतान निकट राधा कृष्ण मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# सचिव डा. पंकज ने चारधाम यात्रा मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण

नाराजगी

8 -एनएचआईडीसीएल के धीमी रफ्तार से किए जा रहे सुधारीकरण कार्यों पर सचिव ने जतायी नाराजगी



**चमोली/बद्रीनाथ/टीम एक्शन इंडिया** उत्तराखंड लोक निर्माण विभाग के सचिव डा. पंकज कुमार पाण्डेय ने बद्रीनाथ धाम पहुंच कर मास्टर प्लान के अंतर्गत संचालित पुनः निर्माण कार्यों और बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।
सचिव डा. कुमार ने कहा कि हर साल लाखों श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ चारधाम यात्रा पर आते हैं। श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाना हमारी प्राथमिकता है। आगामी चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। बद्रीनाथ धाम में पुनः निर्माण कार्य जल्द शुरू होंगे। अभी धाम में पांच फीट बर्फ जमी है।
बद्रीनाथ धाम में पुनः निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सचिव ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू कराया जाए। इस दौरान उन्होंने शेष नेत्र व बद्रीश झील, अराइवल प्लाजा, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, रिवरफ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की पूरी जानकारी ली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मास्टर प्लान कार्यों की प्रगति के बारे में विस्तार से अवगत कराया।
आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सचिव ने चमोली से हेलंग तक एनएचआईडीसीएल के धीमी रफ्तार से किए जा रहे सुधारीकरण कार्यों पर सचिव ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यदायी संस्था को चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले सड़क चौडीकरण, सुरक्षा दीवार निर्माण और सड़क से मलवा निस्तारण कार्यों को हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पागलनाला के पास सुचारू यातायात और स्थाई ट्रीटमेंट के लिए शीघ्र डीपीआर उपलब्ध करें। यात्रा मार्ग पर निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में लेवर और मशीन लगाते हुए सड़क सुधारीकरण कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए। हेलंग से बद्रीनाथ तक बीआरओ द्वारा संचालित सड़क चौड़ीकरण कार्यों की प्रगति पर सचिव ने संतोष व्यक्त करते हुए सड़क सुधारीकरण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। गोविंदघाट में टू-लेन मोटर ब्रिज निर्माण के लिए भी सचिव ने अधिकारियों को शीघ्रता से सभी कार्रवाई पूर्ण करने को कहा।
इस दौरान जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, एसडीएम चन्द्रशेखर वशिष्ठ, एनएचआईडीसीएल के डीजीएम शैलेन्द्र कुमार, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, अधिक्षण अभियंता राजेश चन्द्रा, अधिशासी अभियंता आरएस चौहान, अधिशासी अभियंता विपुल शैनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, ईओ सुनील पुरोहित आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हाई कोर्ट ने 14 वर्षों से अधिक समय से प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों के मामले की सुनवाई, सरकार को दिया समय

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने 14 वर्षों से अधिक समय से प्रदेश की जेलों में बंद कैदियों के मामले में एक सुओ मोटो पीआईएल को सुना। मुख्य न्यायाधीश ऋतु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सरकार से आज शाम 5 बजे तक निर्णय लेकर शुक्रवार सवेरे तक न्यायालय को सूचित करने को कहा है।
पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश ने हल्द्वानी की जिला जेल और सितारगंज की संपूर्णानंद ओपन जेल का दौरा किया था। वहां कैदियों से समस्याएं सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवहेलना पाया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस की उस दलील को निराधार बताया था कि कैदी को जेल से बाहर रखना समाज के लिए खतरा है।
मुख्य न्यायाधीश ने कैदियों के मानवाधिकार को समझते हुए जेल प्रबंधनों से लिस्ट मांगी थी, जिसमें 167 ऐसे कैदी मिले। आज मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्याय सचिव को इस कानून की जानकारी है। उन्होंने कहा कि आज शाम 5 बजे तक सरकार फैसला ले और सभी जेलों को सूचित करें। इसके बाद कल सवेरे 10:30 बजे तक न्यायालय को सूचित करें और फिर पात्रों को रिहा करें। नवनियुक्त ग्रह सचिव दीपिल जावलकर ने भी ऑनलाइन मामले में हिस्सा लिया।

### उच्च सदन के सदस्य निधि खर्च में फिसड्डी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उच्च सदन के जन प्रतिनिधि भी अपनी सांसद निधि खर्च करने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं। उत्तराखंड के राज्यसभा सांसदों की 92 प्रतिशत सांसद निधि दिसम्बर 2023 तक खर्च नहीं हो सकी। उसमें से 65 प्रतिशत से अधिक की सदस्य निधि भारत सरकार से जारी ही नहीं करा सके हैं। राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी सांसद निधि खर्च करने में सदस्यों में सबसे आगे और डॉ. कल्पना सैनी सबसे पीछे रही हैं।
आरटीआई कार्यकर्ता नदीमुद्दीन ने उत्तराखंड के ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय से सांसद निधि खर्च सम्बन्धी सूचना मांगी थी जिसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/उपायुक्त (प्रशासन) हेमंती गुंजियाल ने अपने पत्रांक 2623 के साथ सांसद निधि खर्च के दिसम्बर 2023 के विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिसमें दिसम्बर 2023 के अंत तक की उत्तराखंड के राज्य सभा सांसदों की सांसद निधि खर्च का विवरण दिया गया है। उपलब्ध विवरणों के अनुसार उत्तराखंड के 3 राज्यसभा सांसद कुल 41.50 करोड़ की सांसद निधि प्राप्त करने के पात्र है, लेकिन उन्हें पिछली सांसद निधि किस्त के खर्च सम्बन्धी प्रमाण, ऑडिट रिपोर्ट आदि प्राप्त न होने के कारण 27 करोड़ जो कुल सांसद निधि का 65 प्रतिशत है जारी ही नहीं हुई है जबकि भारत सरकार से प्राप्त 14.50 करोड़ की सांसद निधि में 44.69 लाख ब्याज जोड़कर कुल 41 करोड़ 94 लाख 69 हजार की सांसद निधि में से दिसम्बर 2023 तक केवल 3 करोड़ 7 लाख 40 हजार की सांसद निधि ही खर्च हो सकी। कुल 92 प्रतिशत से अधिक 38 करोड़ 87 लाख 29 हजार की सांसद निधि खर्च होने को शेष है। 31 दिसम्बर 2023 तक राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी की 22 करोड़ में से 5 करोड़, नरेश बंसल 12 करोड़ में से 2 करोड़, डा. कल्पना सैनी सभी 7.5 करोड़ की सांसद निधि भारत सरकार से जारी हो चुकी है। उपलब्ध सूचना के अनुसार राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने भारत सरकार से जारी 500 लाख की सांसद निधि व उस पर 40.13 लाख ब्याज सहित कुल उपलब्ध 540.13 लाख से 142.98 लाख रुपये अधिक 683.10 लाख के प्रस्ताव तो स्वीकृत करा दिये है लेकिन इनके प्रस्तावों में से 467.36 लाख की धनराशि अवमुक्त नहीं हो सकी है। इनकी 11.75 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्थाओं पर भी शेष है। सांसद निधि खर्च होने को शेष कुल धनराशि 2036.13 लाख (कुल की 90.89 प्रतिशत) है। नरेश बंसल ने भारत सरकार से जारी 2 करोड़ की सांसद निधि में से 173.47 लाख के प्रस्ताव ही स्वीकृत कराए हैं। 26.53 लाख स्वीकृति के लिए शेष है जबकि 14.25 लाख अवमुक्त होने को शेष है। 83.31 लाख कार्यदायी विभागों पर अवशेष है। कुल 1124.09 लाख (93.67 प्रतिशत) खर्च होने को शेष है।डॉ. कल्पना सैनी को जारी 750 लाख और उस पर ब्याज 4.56 लाख सहित कुल उपलब्ध 754.56 लाख उपलब्ध सांसद निधि में से 310.04 लाख के प्रस्ताव ही स्वीकृत कराये हैं और 444.52 लाख प्रस्ताव स्वीकृति के लिए अवशेष है। जबकि 87.76 लाख अवमुक्त हेतु शेष है और 194.78 लाख कार्यदायी विभागों पर अवशेष है।

## मानवता को बचाने के लिए जिहादियों पर कार्रवाई करे सरकार : प्रबोधानंद

वार्ता

8 आप अपनी रक्षा करने के स्वयं खड़े हो जाएं, हिन्दू रक्षा सेना आप सब के साथ खड़ी है : प्रबोधानंद



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हिन्दू रक्षा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरि महाराज ने बदायूं में नाबालिग बालकों की हत्या पर रोष जताते हुए कहा कि यह बढ़ते हुए जिहादियों के मंसूबों का परिचायक है।
यह बहुत दुखद और निंदनीय घटना है, जिससे मानवता शर्मशार हुई है। यह हमला एक सुनियोजित हमला है। समस्त हिन्दुओं को काफिर बताने वाले लोगों के मंसूबे बहुत बढ़ते जा रहे हैं। इन पर तत्काल सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर सरकार ने हल्की कार्यवाही की तो जेहादियों की घटनाएं बढ़ जाएंगे। अपराधियों को ऐसी सजा दी जाए जिससे कोई अपराधी दूसरा अपराध करने की हिम्मत ना करें। नाबालिग बच्चों की हत्या समस्त मानवता की हत्या है।
पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा की मैं सभी हिंदुओं से आग्रह करता हूं कि आप अपनी रक्षा करने के स्वयं खड़े हो जाएं, हिन्दू रक्षा सेना आप सब के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा यह जिहादी जन्नत पाने के लिए पागल हो गए हैं और यह शिक्षा मदरसे और मस्जिदों में दी जाती है। उन्होंने भारत सरकार से अपील करते हुए कहा की यदि धरती पर मानवता को बचाना है और शांति को स्थापित करना है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए देश की सभी मस्जिदों और मदरसों की जांच हो। गैरकानूनी पाए जाने पर मदरसे और मस्जिदें बंद की जाएं। उन्होंने कहा की पूरे देश में बार-बार जिहादियों द्वारा गैर मुसलमानों की हत्या किया जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जिहादी देश का कोई कानून नहीं मानते और नहीं उनको मानवता प्यारी है। जिहादियों के कुकृत्यों से पूरे विश्व की मानवता और शांति खतरे में हो गई।
उन्होंने असम में पकड़े गए आइएसआइएस के आतंकवादी जो की देहरादून के चकराता -विकास नगर का रहने वाला है, के पकड़े जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में भी जिहादियों का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। साथ ही हरिद्वार में भी गैर हिन्दू पहचानिछुपा कर यहां लंबे अरसे से निवास कर रहे हैं, जो कि उत्तराखंड और हरिद्वार के लिए बड़े खतरे का संकेत हैं।
उन्होंने सरकार से तत्काल इस मामले की जांच कराकर जिहादियों को देवभूमि और हरिद्वार से बाहर कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## सात लाख से अधिक स्मैक व शराब के साथ दो आरोपित युवक गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित से 07.57 ग्राम स्मैक व दूसरे से 54 पव्वे देशी शराब बरामद की है। पकड़ी गई स्मैक की कीमत सात लाख से अधिक बतायी गई है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने राजीव नगर से एक युवक को 54 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम मनोज पुत्र तिलक राम निवासी गोविंदपुरी ज्वालापुर बताया। दूसरी ओर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को मोहल्ला मेहतान निकट राधा कृष्ण मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर महाजनसंपर्क अभियान की होगी शुरूआत : आदित्य

जनसम्पर्क

8 भाजपा समाज के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर महा जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ करेगी।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी समाज के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर महा जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ करेगी। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में यह जानकारी साझा करते हुए आदित्य कोठारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के संरक्षकों यानि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं के आशीर्वाद लेकर अपने महाजन संपर्क अभियान की शुरूआत करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा निरंतर समाज से जुड़ी रहती है । और वरिष्ठजनों के अनुभवों से आगे बढ़ती है।
आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारी लगातार जारी है। इसके साथ ही मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए बीजेपी लगातार अभियान चला रही है ।अब बुजुर्ग मतदाताओं के आशीर्वाद के साथ भाजपा अपने प्रचार प्रसार का शंखनाद करने जा रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है।

## भाजपा कार्यकर्ता पूरे वर्ष बूथों पर करते हैं काम: सौरभ बहुगुणा

लोकसभा चुनाव

8 भारतीय जनता पार्टी जनता को साधने के लिए अपने रणनीति को आखिरी रूप दे रही है



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता सिर्फ लोकसभा या अन्य चुनावों में नहीं बल्कि पूरे वर्ष भर बूथों पर कार्य करते हैं।
इन्हीं के बदौलत भाजपा चुनावों में जीत दर्ज करती आ रही है। इस बार भी लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी।
लोकसभा चुनावों को लेकर उत्तराखंड में भी तैयारियां तेज हो गई हैं। अब भारतीय जनता पार्टी जनता को साधने के लिए अपने रणनीति को आखिरी रूप दे रही है। मंत्री सौरभ की कार्य करने की शैली को देखते हुए पार्टी ने कुमाऊं मंडल के दो लोकसभा सीटों की जिम्मेदारी फहले से दे रखी है।
मंत्री सौरभ ने कहा कि लोकसभा चुनाव को पूरी योजना और विकास के मुद्दों को लेकर पार्टी चुनाव मैदान में है। हमारे कार्यकर्ता चुनाव को लेकर पूरी तैयारी के साथ दिन-रात मेहनत के साथ काम कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। भाजपा ऐसी पार्टी है जो सिर्फ चुनाव के समय नहीं बल्कि हम पांचों साल तक काम में जुटे रहते हैं। कार्यकर्ता बूथों पर रहकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। आज इसी का परिणाम है भाजपा विश्व की नम्बर वन पार्टी बनी हुई है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 साल में देश में हुए विकास की उपलब्धियों और राज्य के धामी सरकार के विकास को लेकर लोकसभा के चुनाव मैदान में पार्टी उतरी है। जिसका फायदा निश्चय ही मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में कई बड़े नेताओं की जनसभाएं भी उत्तराखंड में होने जा रही हैं। इसके लिए प्रदेश नेतृत्व की ओर से केंद्रीय नेतृत्व से मांग की गई है। केंद्रीय नेताओं का जल्द ही कार्यक्रम तय होने वाले हैं।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले इनामी को एसटीएफ ने दबोचा

धोखाधड़ी

8 - एसटीएफ ने गैंगस्टर के मंसूबे किए फेल, अब तक कर चुका है दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर नवयुवकों से दो करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने वाला फरार इनामी गैंगस्टर उत्तराखंड एसटीएफ के हत्थे चढ़ गया। फरार इनामी गैंगस्टर देहरादून में ठिकाना बना रखा था और नवयुवकों को ठगने के फिराक में था। इसके लिए योजना भी बना ली थी। गैंगस्टर गिरफ्तारी से बचने के लिए मोबाइल का उपयोग नहीं करता था, लेकिन मुखबिर तंत्र के जाल में फंस गया और एसटीएफ ने गैंगेस्टर के मंसूबे को नाकाम कर दिया।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने गिरफ्तार किए गए इनामी अपराधी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित पंकज सामंत के विरुद्ध उत्तराखंड के नवयुवकों को सेना में भर्ती करवाने के नाम पर दो करोड़ रुपये से अधिक की ठगी किए जाने के संबंध में जनपद पिथौरागढ़ में अलग-अलग थानों में चार और उधमसिंह नगर में दो अभियोग पंजीकृत किए गए थे। इसमें जनपद पिथौरागढ़ के कोतवाली जौलजीवी, थाना जाजरदेवल, कोतवाली पिथौरागढ़ में एक-एक अभियोग और जनपद उधमसिंह नगर के कोतवाली खटीमा में दो अभियोग वर्ष 2023 में पंजीकृत हुए थे।
आरोपित का आपराधिक इतिहास है, जो गैंग बनाकर नवयुवकों को फौज में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगी कर चुका है। इसकी गैंग की गतिविधियों को देखते हुए इस गैंग के विरूद्ध कोतवाली जौलजीवी जनपद पिथौरागढ़ में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग भी पंजीकृत किया गया है। यह आरोपित वर्ष 2023 से लगातार फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ ने इस पर 10 हजार रुपये इनाम घोषित किया था।
गिरफ्तारी से बचने के लिए नहीं करता था मोबाइल का उपयोग-
आरोपित किसी प्रकार से फोन का उपयोग नहीं करता था तथा मैन्युअल सूचनाओं के आधार पर एसटीएफ टीम इसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास कर रही थी। बुधवार को देर रात एसटीएफ ने इनामी आरोपित को देहरादून के धोरण खास थाना राजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।
इनामी अपराधी पंकज सामंत पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी प्लाट नंबर 24 जीएफकेएच निगली बिहार एक्सटेंशन बपरौला पश्चिमी दिल्ली ने पूछताछ में बताया कि वह अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए काफी समय से धोरण खास राजपुर देहरादून क्षेत्र में अपना ठिकाना बना रखा था।

## देहरादून के चकराता का रहने वाला है आतंकी संगठन प्रमुख फारूकी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत में आतंकी संगठन-इस्लामिक स्टेट इराक-सीरिया के प्रमुख हरीश फारूकी उर्फ हरीश अजमल और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है।
इन दोनों आरोपितों को एनआइए ने वांटेड लिस्ट में डाल रखा था। फारूकी देहरादून के चकराता का रहने वाला है। वह विगत 12 वर्षों से देहरादून नहीं आया था। असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को यह बड़ी सफलता मिली है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीडीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 15.04.2024 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 15:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। बयाना राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 16-GSU-MB-23-24 18.03.2024 |
| कार्य का नाम | Appointment of Tech Consultant for providing Architectural and Technical Consultancy for feasibility study of Aonla Station in Moradabad Division of Northern Railway under AMRIT BHARAT STATIONS SCHEME. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक / समय | 15.04.2024, 15:00 |
| अनुमानित लागत ₹ | 1642139.51 |
| धरोहर राशि ₹ | 32900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 01.04.2024 |

नं. Dy.CE/GSU/MB/Publication-16/23-24 दिनांक- 18.03.2024 902/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# विश्वविद्यालयों के शोध और अनुसंधान का लाभ लोगों को मिले, तभी होगी सार्थकता

**निर्देश**

8 राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से जनवरी 2025 तक शोध कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों के शोध और अनुसंधान का लाभ लोगों को मिले तभी इसकी सार्थकता होगी। राज्यपाल ने सभी विश्वविद्यालयों से जनवरी 2025 तक शोध कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली। इसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और शासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में ह्यवन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्चह्ल पर सभी कुलपतियों की ओर से किए जा रहे शोध विषयों पर अपने-अपने प्रस्तुतीकरण दिये।

राज्यपाल ने कहा कि सभी कुलपतियों को कार्य करने स्वायत्तता प्रदान की गई है। कुलपति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालयों में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों की प्रत्येक क्रियाकलापों में टेक्नोलॉजी का अधिकाधिक उपयोग करने के निर्देश दिये।

राज्यपाल ने कुलपतियों की ओर से विश्वविद्यालय में किए जा रहे नवाचारों और उपलब्धियों पर संतोष जताया। उन्होंने कुलपतियों को विश्वविद्यालयों की प्रत्येक चुनौती के समाधान के लिए आश्वस्त किया। बैठक में विश्वविद्यालयों की ओर से संस्थानों की संबद्धता, विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

पूर्व में राज्यपाल की ओर से सभी विश्वविद्यालय को राज्य हित में योगदान के लिए एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, जो राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। विश्वविद्यालयों की ओर से अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध के विषय चयन किया गया है। इस संबंध में सभी कुलपतियों की ओर से वर्तमान तक की प्रगति का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स की टीम ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**फीडबैक**

8 टीम ने जिला स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता, दस्तावेजों और रोगियों से फीडबैक लिया।



**गोपेश्वरं/टीम एक्शन इंडिया**
जिला चिकित्सालय गोपेश्वर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र देने के लिए भारत सरकार की नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर, नई दिल्ली की टीम की ओर से गुरुवार को जिला चिकित्सालय गोपेश्वर का निरीक्षण किया। टीम ने जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता, दस्तावेजों के रख रखाव देखा और रोगियों से फीडबैक लिया।

टीम में शामिल डॉ. उमेश गुप्ता एवं डॉ. सुमन वशिष्ठ ने जिला चिकित्सालय के सामान्य प्रशासन, लेबर रूम, फामेर्सी, रेडियोलॉजी, ऑपरेशन थ्रियेटर, आदि अनुभागों का गहनता से निरीक्षण किया। साथ ही इन स्वास्थ्य अनुभागों में दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता मानक, दस्तावेजों के रखरखाव, रोगियों के फीडबैक को लेकर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को परखा।

जिला चिकित्सालय गोपेश्वर के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग धनिक ने बताया कि कि टीम अपनी रिपोर्ट भारत सरकार को देगी, रिपोर्ट के आधार पर गुणवत्ता आश्वासन मानक का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गुंडा एक्ट के आरोपित को तीन माह के लिए किया जिला बदर

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को जनपद सीमा से बाहर करने के लिए एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को तीन माह के लिए जिला बदर किया। पुलिस ने इस अवधि में जनपद में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी। अभियुक्त संदीप उर्फ सापू पुत्र जोनी को 03 माह (90 दिवस) के लिए जनपद सीमा से बाहर करते हुए समय सीमा से पूर्व जनपद में प्रवेश न करने की सख्त हिदायत दी गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार के आदेश एवं गुण्डा अधिनियम के अनुपालन में आरोपित संदीप उर्फ सापू पुत्र जोनी निवासी मोतीचूर झुग्गी झोपड़ी भूपतवाला हरिद्वार को 90 दिवस के लिए जिला बदर का आदेश प्राप्त हुआ था। इसके चलते पुलिस ने आज आरोपित के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई करते हुए उसे जनपद की सीमा से बाहर का रास्ता दिखाया।

### मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और गंगा स्वच्छता को लेकर चित्रकार ने लगायी पोस्टर प्रदर्शनी

**गोपेश्वरं/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के कर्णप्रयाग महाविद्यालय में एनएसएस के सहयोग से गुरुवार को कॉलेज के नवोदित चित्रकार अजय कुमार की ओर से मनाये गये चित्रों की प्रदर्शनी लगायी गई। नवोदित चित्रकार ने मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और गंगा स्वच्छता को लेकर चित्र प्रदर्शनी लगायी।

आर्ट गैलरी का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड ने कहा कि अजय कुमार का व्यक्तित्व कला की दृष्टि से बहुत ही सराहनीय है। किसी भी व्यक्ति का पोट्रेट बनाने में अजय को महारत हासिल है। मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और गंगा स्वच्छता पर अजय ने अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया है। अजय को इसी क्षेत्र में अपना कॅरिअर बनाना चाहिए, इसके लिए महाविद्यालय परिवार पूरा सहयोग करेगा।

विशिष्ट अतिथि गोविंद सिंह तोपाल ने कहा कि जनपद चमोली के थापली डांग बणियास ग्राम निवासी अजय अत्यंत साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है, किंतु प्रतिभा का धनी है। इस मौके पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

आर्ट गैलरी के आयोजन में एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.चन्द्रावती टम्टा, कार्यक्रम अधिकारी डा. हिना नौटियाल और नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डा.तौफिक अहमद सहित एनएसएस स्वयंसेवियों का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर प्रो.भारती सिंघल, डा.अखिलेश कुकरेती आदि मौजूद थे।

### क्रोमा पेशकर रहा है गर्मियों की सेल 2024 के तहत एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर आदि पर शानदार ऑफर!

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
क्रोमा ने अपने गर्मियों की सेल अभियान की घोषणा की है जो मई 2024 तक जारी रहेगा। गर्मी की शुरूआत के साथ, यह बहुप्रतीक्षित गर्मियों की सेल ग्राहकों के लिए अपने घरों को बढ़ते तापमान से बचाने और शानदार डील तथा भुगतान में आसानी के साथ ताजातरीन उपकरणों से लैस करने का सही अवसर प्रदान करती है।उपभोक्ताओं को स्टोर और क्रोमा.कॉम पर 1.5 टन स्प्लिट एसी की कीमत बस 1,500 रुपये से शुरू होगी। ग्राहक कोई भी इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान ला सकते हैं और नया एसी घर ले जा सकते हैं। ग्राहक आकर्षक एक्सचेंज और अपग्रेड विकल्प, कैशबैक ऑफर और 24 महीने तक की लचीली ईएमआई योजनाओं के साथ 250 प्लस एयर कंडीशनर, 300 प्लस रेफ्रिजरेटर, रूम कूलर और पंखों की व्यापक रेंज पर 45,000 रुपये तक के लाभ और अन्य फायदों का आनंद ले सकते हैं।इस ऑफर में इन्वर्टर स्प्लिट एसी शामिल हैं जिनकी कीमत केवल 24,990 रुपये से शुरू होती है,जो आपके घर को ठंढा और आरामदायक रखने का एक किफायती तरीका प्रदान करते हैं, और एसी पर 6500 रुपये तक का एक्सचेंज लाभ भी है। रूम कूलर की कीमत 4,500 रुपये से शुरू होती है,जो कम कीमत पर ठंढक पाने की तलाश करने वालों के लिए आदर्श हैं।

## भाजपा उम्मीदवार ने अस्थाई निवास का किया पूजन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा सीट हरिद्वार पर चुनावी समर में फिलहाल भाजपा के त्रिवेन्द्र सिंह रावत और निर्दलीय उम्मीदवार उमेश कुमार आगे नजर आ रहे हैं। भाजपा उम्मीदवार ने गुरुवार को अस्थाई निवास का उद्घाटन कर पूजन के।

इसके साथ ही निर्दलीय उम्मीदवार उमेश कुमार ने भारी दलबल के साथ नामांकन किया। फिलहाल तक इस चुनावी समर में कांग्रेस और बसपा पिछड़ी हुई है।

हरिद्वार लोकसभा सीट पर पहले चरण यानी 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसके लिए नामांकन की तारीख 27 मार्च तक है।

# एनएसएस इकाई ने किया योग प्रशिक्षण एवं स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन

**शिविर**

8 योग न्यास आश्रम के अध्यक्ष राकेश कुमार शास्त्री ने स्वयंसेवकों से यौगिक क्रिया करने के प्रेरित किया।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बैरागी कैंप स्थित गंगा योग न्यास में भारत सरकार युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय के प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चार के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन की शुरूआत योग प्रशिक्षण शिविर से हुई। योग प्रशिक्षण शिविर में ओम आरोग्य संस्थान के अध्यक्ष योगी रजनीश ने स्वयंसेवकों को योग एवं प्राणायाम की बारीकी से जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि योग मानव जीवन में अहम योगदान रखता है।

योग करके न सिर्फ शरीर को फीट रखा जा सकता है, बल्कि खुद को शांत भी रखा जा सकता है। योग न्यास आश्रम के अध्यक्ष राकेश कुमार शास्त्री ने स्वयंसेवकों से यौगिक क्रिया करने के प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि योग से जीवन ऊजार्वान बनता है जो हमें हमारे लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करता है। योग प्रशिक्षण के बाद सभी स्वयंसेवक अपने-अपने परियोजना कार्य के लिए बस्ती के लिए निकले।

कार्यक्रम अधिकारी डा. मयंक पोखरियाल ने बताया कि स्वयंसेवकों को हर दिन अलग-अलग परियोजना कार्य दिए जाते हैं, जिससे स्वयंसेवक जीवन में हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहे। बौद्धिक सत्र के विशेष व्याख्यान के लिए पहुंचे अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. विपुल शर्मा ने स्वयंसेवकों को स्वच्छ भारत अभियान की जानकारी दी। इसके बाद स्वयंवकों ने बस्ती में स्वच्छता व जनजागरूकता अभियान चलाया।

उन्होंने लोगों को बताया कि सफाई हमारे जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमे अपने परिसर एवं घरों में सफाई करते हुए दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।

सांस्कृतिक सत्र में रोहित, रमन, सिद्धार्थ, आशीष, ओमेर, सुधांशु, विश्वास, शौर्य ने राष्ट्र आराधना, लक्ष्यगीत, शायरी, रहीम एवं कबीर के दोहे , वीररस कविता पाठ किया।

# नेत्र शिविर में 50 रोगियों का किया परीक्षण

**नेत्र शिविर**

8 नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र ने बताया कि हंस फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित गया।



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
हंस फाउंडेशन चिकित्सालय सतपुली की ओर से गुरुवार को चमोली जिले के पोखरी विकास खंड के ग्राम पंचायत पाटी जखमाला में नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें 50 नेत्र रोगियों के आंखों की जांच कर निःशुल्क दवाईयां दी गईं।

नेत्र विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र ने बताया कि पाटी महिला मिलन केन्द्र में हंस फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित गया। जिसमें 50 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच की गई। उसमें से 15 नेत्र रोगियों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। जिनकी सर्जरी हंस फाउंडेशन अस्पताल सतपुली में निशुल्क की जाएगी। ग्राम प्रधान प्रेम सिंह ने हंस फाउंडेशन अस्पताल सतपुली के नेत्र शिविर लगाने के लिए आभार जताया और उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का आयोजन गांव में होना चाहिए, जिससे इसका लाभ ग्रामीण उठा सकें। इस अवसर पर डॉ भूपेंद्र, कोर्डिनेटर संतोष, प्रवीन मौजूद थे।

## अल्मोड़ा लोकसभा के लिए हुआ एक नामांकन, 10 फार्म बिके

**अल्मोड़ा**
अल्मोड़ा लोकसभा के लिए गुरुवार को एक नामांकन हुआ। रिटर्निंग अधिकारी के सम्मुख पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के उम्मीदवार डॉ. प्रमोद कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया।

इसके अलावा 10 नामांकन प्रपत्रों की खरीद हुई। इनमें 4 नामांकन प्रपत्र कुंदन सिंह भंडारी ने कांग्रेस के उम्मीदवार प्रदीप टम्टा के नाम पर लिए। 4 नामांकन प्रपत्र गिरीश नाथ गोस्वामी ने उत्तराखंड क्रांति दल के उम्मीदवार अर्जुन देव के नाम पर लिए ।1 नामांकन प्रपत्र निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन प्रसाद ने स्वयं लिया तथा 1 नामांकन प्रपत्र कुंदन लटवाल ने भाजपा उम्मीदवार अजय टम्टा के नाम पर लिया।

# एचडीएफसी बैंक ने भारत भर में 60 बैंकिंग आउटलेट का किया उद्घाटन




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारत के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, एचडीएफसी बैंक ने पूरे भारत में आरबीआई द्वारा अधिसूचित अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) में 60 बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) बैंकिंग आउटलेट्स शुरू करने की घोषणा की। ये नए आउटलेट अब एचडीएफसी बैंक की यूआरसी नेटवर्क उपस्थिति को 5,020 आउटलेट्स तक बढ़ा देते हैं। गौरतलब है कि बैंक का 34 प्रतिशत बीसी एजेंट नेटवर्क अब 10,602 गांवों में फॉर्मल फाइनेंशियल प्रोडक्ट और सर्विसेस देने का करने का काम करता है। यह पहल सीएससी ई-गवर्मेंट के सहयोग से की गई थी। यह सूक्ष्म-उद्यमियों के रूप में कार्य करने वाले विलेज लेवल आंत्रपेन्योर (वीएलई) को भौतिक केंद्रों के माध्यम से सीधे अंतिम छोर तक आवश्यक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने में मदद करेगा और वंचित क्षेत्रों में समुदायों को सशक्त बनाएगा। इस पर बात करते हुए, स्मिता भगत, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग-उत्तर, पूर्व और मध्य, एबीसीपी और रिटेल एफएक्स, एचडीएफसी बैंक ने कहा कि एचडीएफसी बैंक देश के दूर-दराज के इलाकों में भी वित्तीय समावेशीकरण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमें खुशी है कि हमारे बीसी नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, लगभग 34 प्रतिशत, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित अनबैंक्ड रूरल सेंटर्स (यूआरसी) में कार्य करता है। हमारा लक्ष्य इन समुदायों को सशक्त बनाना और एईपीएस लेनदेन, जमा सेवाएं, सरकार समर्थित बीमा और ऋण सुविधाओं तक पहुंच जैसी महत्वपूर्ण वित्तीय समाधान प्रदान करके सरकार के वित्तीय समावेशीकरण एजेंडे में योगदान करना है। सीएससी के एमडी संजय राकेश ने डिजिटल नवाचार के महत्व पर बल देते हुए सुझाव दिया कि बैंक को बीसी केंद्रों पर विभिन्न प्रकार के डिजिटल उत्पादों और सेवाओं को शुरू करने पर विचार करना चाहिए।

यह रणनीतिक कदम सीधे तौर पर कैचमेंट क्षेत्र के ग्राहकों को व्यापक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। इसके अलावा, राकेश ने यूआरसी स्थानों पर बीसी के रूप में कार्य करने वाले वीएलई को सलाह दी कि वे स्थानीय ग्राहक आधार को प्रासंगिक वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करके एचडीएफसी बैंक और सीएससी साझेदारी के माध्यम से अपनी आय क्षमता को अधिकतम करें। ग्राहकों को बैंक के व्यापक वित्तीय समाधानों से लाभ होगा।

# व्यय प्रेक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए चुनावी टिप्स



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
व्यय तंत्र से जुड़े सभी अधिकारी और टीमें तटस्थ होकर सक्रियता से कार्य करेंगे। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरस पालन करेंगे। यह निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हरिद्वार संसदीय क्षेत्र में तैनात व्यय प्रेक्षक सुश्री स्वाति शिवम ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते हुए व्यय अनुवीक्षण तंत्र के अधिकारियों को दिये।

प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली वस्तुओं मदिरा, धन-बल को रोकना है, ताकि सभी प्रत्याशियों को समान मंच मिल सकें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी तटस्थ होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहाकि सभी अधिकारी पारदर्शिता से कार्य करें तथा हस्तपुस्तिका का पूर्ण अध्ययन कर लें ताकि निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़ें।

उन्होंने कहा सभी एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, सहित सभी टीमे सतर्क होकर पैनी नजर रखते हुए कार्य करें तथा अपनी-अपनी रिर्पोट प्रतिदिन समय से नोडल व्यय को देना सुनिश्चित करें ताकि प्रत्याशी व्यय का ससमय अंकन किया जा सकें। उन्होने कहा कि प्रत्याशी की रैलियों की वीडियोग्राफी भलि भांति की जाए ताकि वीवीटी टीम रैली की वीडियों देखकर व्यय का सही से आंकलन कर सकें।व्यय प्रेक्षक ने कहा कि एसएसटी व एफएसटी टीमें सक्रियता से काम करें और बैरियर्स पर पैनी नजर रखें। संसदीय क्षेत्र में प्रवेश करते समय वाहनों की गहनता से जांच करें। जांच में किसी प्रकार की अवैध सामग्री मिलने पर सीजर की वीडियोग्राफी भी अवश्य की जाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी नामांकन से पूर्व अपना नया बैंक खाता खोलेगें, निर्वाचन के दौरान इसी बैंक खाते से धनराशि का लेन-देन होगा। उन्होंने कहा कि स्टार प्रचारकों के भ्रमण, हेलीपैड, सभास्थलों पर भी पैनी नजर रखी जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी अथव समस्या आने पर वे उनसे सीधे बात कर सकते हैं।

# प्रदूषण से धरती को बचाने के लिए भारतीय संस्कृति-संस्कारों को करें आत्मसात

**जागरूकता**

8 कचरा मुक्त भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की ने किया।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के जन्तु और पर्यावरण विज्ञान विभाग के सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत कचरा मुक्त भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित एनसीसी केडेट्स से कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि भारतीय संस्कृति प्रकृति को माता के रूप में मानकर उसकी पूजा करती है। वर्तमान विकासवादी दौड़ प्रकृति का दोहन करने में विकास रखती है। ऐसे में वर्तमान में इस बात की आवश्यकता है कि हमें बढ़ते प्रदूषण से बचने के लिए भारतीय संस्कृति व संस्कारों को आत्मसात करते हुए अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए आगे आकर कार्य करना चाहिए। इसके लिए हम सभी को अपने आस पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की के वरिष्ठ वैज्ञानिक व स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. एलएन ठकराल ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण मानव के लिए एक बड़ी चुनौती के रूप में हमारे सामने है। इससे निजात दिलाने के लिए केन्द्र सरकार ने 2014 से मिशन स्वच्छ भारत की शुरूआत की। यह मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित है।

विभाग के संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष प्रो. डीएस मलिक ने कहा कि वह इस आयोजन के लिए डॉ. एलएन ठकराल ने समविश्वविद्यालय में आकार बच्चों को जागरूक करने का कार्य किया। इस अवसर पर समविश्वविद्यालय प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया। एनसीसी केडेट्स व उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान रुड़की के वैज्ञानिक इंजीनियर हर्ष उपाध्याय ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. नमिता जोशी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सगीता मदान, ओम प्रकाश, पंकज चौहान सहित विभिन्न शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

# बदरीनाथ हाइवे पर कार दुर्घटनाग्रस्त



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ हाइवे पर गौचर के समीप डाट पुलिया पर एक ऑल्टो कार गुरुवार को अनियंत्रित होकर गदेरे में जा गिरी। इसमें तीन लोग सवार थे। घायलों को गौचर चौकी पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवा दिया है। घायलों में से एक की स्थिति गंभीर बनी हुई है। चौकी प्रभारी गौचर मानवेंद्र गुसांई ने बताया कि करीब गुरुवार को उन्हें वाहन संख्या यूके 12 सी 8766 के गौचर डाल पुलिस के समीप दुर्घटना की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ।जहां पर दुर्घटना में घायल चटवा पीपल निवासी 26 वर्षीय गौरव नेगी पुत्र भीम सिंह 25 वर्षीय अमित नेगी पुत्र मंगल सिंह और 28 वर्षीय प्रदीप डिमरी पुत्र शंभू प्रसाद डिमरी सभी निवासी चटवा पीपल को स्थानीय लोगों के सहयोग से रेस्क्यू कर कर्णप्रयाग चिकित्सालय भेजा गया है। घायलों में अमित नेगी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

